हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 25 नवंबर 2025
कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

11 वन ग्रामों के हजारों किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित



12 मॉक ड्रिल में दिखा आतंकियों को घेरते हुए बम धमाकों, गोलीबारी और ...



## खबर संक्षेप

### कठौली हाईस्कूल में आनंद मेला आज

**सिर्री।** हायर सेकेण्डरी स्कूल कठौली में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाल आनंद मेला 25 नवम्बर को मनाया जायेगा। इस मौके पर कठौली हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा अनेक प्रकार के व्यंजनों व मनोरंजन के स्टाल लगाए जाएंगे। जिसमें काफी संख्या में पालक गण, वरिष्ठ नागरिकों जनप्रतिनिधियों व आसपास पास के नागरिकों से सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी सागर साहू सदस्य शाला विकास समिति, मंत्री भाजपा युवा मोर्चा सिर्री मण्डल ने दी है।

### रामपुर की बालिका खो-खो टीम उपविजेता रही

**बगदेही(धमतरी)।** विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल महोत्सव का आयोजन अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम कुरूद में किया गया। एथलेटिक्स, खो-खो समेत अनेक खेल हुए। इस स्पर्धा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर से बालिका की खो-खो टीम ने हिस्सा लिया और द्वितीय स्थान अर्जित करके उपविजेता बनी। इस टीम में यूनिता, टुकेश्वरी, लोकेश्वरी एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू शामिल रहे।

### चिरायु टीम ने छात्रों की सेहत जांची

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में गुरुवार को चिरायु की टीम ने छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। नॉर्मल चेकअप से लेकर सिकलिन परीक्षण किया गया। छात्रों को मौसमी बीमारी से बचने के उपाय के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

लगातार फाल्ट के कारण खेतों में नहीं पल पा रहा पानी, बिजली सप्लाई दुरूस्त रखने की मांग की

# बिजली की आंख-मिचौली से कठिन हुई फसल परिवर्तन की राह

**केस 1**

बंशीलाल साहू ने लाखड़ी की बोनी की है। चार दिन से एक खेत में पानी पला रहे हैं, लेकिन बिजली की कटौती के कारण एक एकड़ खेत में पानी नहीं पल पाया है। अब बीज के खराब होने का खतरा है।

**केस 2**

किसान युवराज शर्मा ने तीन एकड़ में चना बीज का छिड़काव किया है। बीज का छिड़काव किए एक सप्ताह हो गया है। एक सप्ताह में दो एकड़ में भी पानी नहीं पल पाया है। ऐसे में बीज के खराब होने का खतरा बना हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लगातार बिजली कटौती से चना लगाने वाले किसान परेशान हैं। चना, गेहूं, लाखड़ी सहित अन्य उन्हारी फसल में काफी कम पानी की जरूरत होती है। इसके बाद भी बिजली की आंख -मिचौली इतनी अधिक है कि खेतों में पानी नहीं पल पा रहा है। किसानों ने चने की बोनी कम्पलीट होते तक बिजली सप्लाई दुरूस्त रखने की मांग की है।

ग्राम खपरी, भानपुरी सहित कई गांवों में किसानों ने इस साल पूर्ण फसल परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। इस प्लानिंग के अनुसार धान की कटाई मिंजाई के साथ चना, गेहूं सहित अन्य फसलों की बोनी शुरू कर दी गई है। कई किसान तो धान की कटाई के बाद फसल की खरही बनाकर रख दिए हैं और उन्हारी फसल की तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे में किसानों को बोनी के बाद पानी की जरूरत पड़ रही है। बीज डालने के बाद एक बार खेत को अच्छे से भिगाना पड़ता है लेकिन बिजली कटौती से खेतों में ढंग से पानी नहीं पला पा रहे हैं। दिनभर खेत में ड्यूटी देने के बाद भी वे एक एकड़ में पानी नहीं पल पा रहा है। किसान बिसंभर साहू, महेश मेश्राम, बंशीलाल साहू, युवराज शर्मा, बिसौहा साहू आदि ने बताया कि बीज छिड़काव के बाद सिंचाई जल्दी करने की जरूरत होती है, अन्यथा लगातार ओस और धूप पड़ने से कुछ ही दिन में बीज खराब हो जाता है। बिजली की आंख-मिचौली यूं ही चलती रही तो किसानों को नुकसान हो सकता है।



### समय पर बोनी जरूरी

किसान खेमराज सिन्हा, शत्रुघन साहू ने बताया कि चना, गेहूं की फसल में समय का विशेष महत्व होता है। बोनी में जितना विलंब होगा, उत्पादन उतना ही कम होगा। चने की बोनी 15 नवंबर तक हो जानी चाहिए थी, लेकिन खेतों में लेट वेरायटी की धान फसल लगे होने के कारण किसान पहले ही उन्हारी की बोनी में पिछड़ गए हैं। अब और विलंब होता है तो किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### दो दिन तक रही बिजली गुल

किसानों ने बताया कि खपरी, भानपुरी सहित कई गांवों में उपर से सप्लाई में समस्या होने के कारण दो दिन तक पंप कनेक्शन में एक फेस बंद रहा, जिसके चलते मोटरपंप नहीं चल पाए। जैसे -तैसे शनिवार को फाल्ट दूर किया गया। मात्र 15 मिनट बिजली सप्लाई रही। इसके बाद तो स्थानीय स्तर पर कनेक्शन में फाल्ट के चलते शाम तक सप्लाई बंद रही। रविवार को शाम 5 बजे से पूरी रात बिजली बंद रही, जो सोमवार को सुबह 11 बजे के बाद आई। इसके बाद भी सप्लाई बंद चालू होती रही। इस समस्या के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

# खेत खलिहान हो रहे धुआं-धुआं

- कटाई-मिंजाई के बाद किसान पराली में लगा रहे आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद खेत खलिहान धुआं-धुआं हो रहे हैं। कटाई-मिंजाई के बाद किसान पराली वाले खेतों में आग लगा रहे हैं। कृषि विभाग ने पिछले साल कई किसानों पर कार्रवाई की थी। इसके बाद भी किसान सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

खेतों को जल्द खाली करने के चक्कर में किसान पैरा, पराली को आग के हवाले कर रहे हैं। यह सिलसिला माह भर से चला आ रहा है। रविवार और सोमवार को भी बाईपास, देमार, तेलीनसत्ती सहित कई गांवों के खार में अंधेरे में धधकते खेतों की लपटें दूर तक दिखाई देती रहीं और उठता जहरीला धुआं दूर तक और ऊंचाई तक फैला रहा। पिछले साल भी यही स्थिति थी, तब कृषि विभाग ने कई किसानों से फसल अवशेष जलाने पर जुर्माना वसूला था, लेकिन अब तक इस प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि ठंड के मौसम में धुआं का वातावरण में फैलाव ज्यादा होता है। इससे गांवों में प्रदूषण के स्तर का बढ़ने का खतरा है।



### जल्द बोनी की होड़

फसल चक्र परिवर्तन के तहत किसान धान के बाद उन्हारी फसल को जल्द बोने की तैयारी में है। खेतों से पैरा व पराली को हटाने में काफी वक्त लगेगा, जिसके चलते किसान पैरा व पराली को खेतों में ही आग के हवाले कर रहे हैं। दिन में तो कार्रवाई के डर से किसान शांत रहते हैं, लेकिन शाम ढलते ही खेतों में आग लगाकर घर लौट आते हैं। कई किसानों की फसल कटाई नहीं हुई है। ऐसे में इन किसानों की फसल को आग से नुकसान पहुंचने का खतरा बना हुआ है।

# पुलिस ने गोलीकांड के आरोपियों का निकाला जुलूस

- बरडिया ज्वेलर्स में पांच माह पहले एयर पिस्टल की नोक पर लूट का किया था प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लूट का प्रयास व गोलीकांड की घटना के गिरफ्तार आरोपियों का पुलिस ने सदर में जुलूस निकालकर अपराधियों में कानून के प्रति भय का संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि शहर के रायपुर रोड में स्थित बरडिया ज्वेलर्स में पांच माह पहले दो अज्ञात नकाबपोशों ने एयर पिस्टल की नोक पर लूट का प्रयास किया था। इस दौरान आरोपियों ने एयर पिस्टल से फायरिंग भी की जिसमें ज्वेलर्स की पुत्री के पैर में छर्रा लगा था। घटना के बाद दोनों नकाबपोश मौके से फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की अलग-अलग टीम ने सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से आरोपियों का लोकेशन ट्रेस कर गोवा, महाराष्ट्र, रायगढ़ तक पीछा किया। टीम गोलीकांड के आरोपी कुंअर सिंह भदौरिया 31 वर्ष व अमरपाल सिंह 31 वर्ष को रायगढ़ में गिरफ्तार कर धमतरी लेकर पहुंची। दोनों आरोपी जिला भिंड मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। वहीं उसका एक साथी अमन कुमार फरार चल रहा है। गिरफ्तारी के बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गांधी मैदान से कचहरी चौक, मठमंदिर चौक, गोल बाजार होते हुए मकई चौक तक जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपियों से कान पकड़ाकर अपराध करना पाप है... के नारे लगवाए गए। पुलिस ने आरोपियों की सदर रोड में परेड कराकर वापस सिटी कोतवाली पहुंचाया। आरोपियों का इस तरह से जनता के बीच जुलूस निकालने का उद्देश्य समाज व अपराधियों को संदेश देना है कि अपराध का अंजाम बुरा होता है। कानून से कोई बच नहीं सकता। पुलिस ने बताया कि जुलूस का मकसद अपराधियों में कानून का भय व समाज में जागरूकता पैदा करना है।



### अपराधियों से डरने की जरुरत नहीं : सीएसपी

सीएसपी अभिषेक चर्तुवेदी ने मीडिया को बताया कि बरडिया ज्वेलर्स में गोलीकांड के गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं। इन पर पूर्व में आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों का जुलूस निकाकर आमजन को संदेश दिया गया कि अपराधियों से डरने की जरूरत नहीं है। जुलूस का उद्देश्य लोगों के मन से अपराधियों के डर को दूर करना है।

# प्रार्थना कर इलाज के नाम पर दुराचार

- पीड़िता की शिकायत पर मगरलोड पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

क्षेत्र में बीमारियों का इलाज प्रार्थना के माध्यम से किए जाने का खेल लंबे समय से चल रहा है। बताया जाता है कि पिछले 8–10 वर्षों से कुछ संस्थाएं प्रार्थना सभा के नाम पर लोगों की धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग कर इलाज का झांसा दे रही थीं। इसी दौरान प्रार्थना के बहाने दुराचार किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कमरौद में एक संस्था द्वारा नियमित रूप से प्रार्थना सभा का आयोजन होता था, जिसमें संस्था से जुड़े लोग और स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान ग्रामीण शामिल होते थे। इसी संस्था से जुड़े चार व्यक्तियों ने एक पीड़िता को 2022 से जून 2025 के बीच प्रार्थना कर पूर्ण रूप से स्वस्थ करने का लालच देकर उसके साथ बार-बार अनाचार किया। आरोपियों ने पीड़िता को धमकाया कि यदि उसने किसी को यह बात बताई तो उसे जान से मार दिया जाएगा। लगातार स्वास्थ्य में सुधार न होने पर हताश पीड़िता ने साहस जुटाकर परिजनों को पूरी घटना बताई।

परिवार द्वारा मगरलोड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ग्राम खैरझिटी के नारायण माहर, सेन्हाभाटा के भुनेश्वर साहू, नंदू साहू तथा मरौद के धनेश साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

ग्रामीणजन इस घटना को धार्मिक छल के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि लालच और प्रलोभन के कारण कम पढ़े-लिखे, गरीब और बीमार लोग ऐसी संस्थाओं के जाल में फंस जाते हैं। ग्रामीण स्तर पर सामाजिक जागरूकता और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ऐसे धर्मांतरण और शोषण जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने की आवश्यकता है।



# बाइक व स्कूल वैन में भिड़ंत, तीन घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- छाती के पास हुई घटना

नेशनल हाईवे में ग्राम छाती के पास बाइक व स्कूल वैन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम छाती निवासी आनंद ढीमर, कुलेश्वर ढीमर व सोहन ढीमर बाइक क्रमांक सीजी 04 जेडएन 3020 से जा रहे थे। ग्राम छाती के टर्निंग के पास बाइक बच्चों को लेने ग्राम सारंगपुरी जा रही कुरूद के स्कूल वैन से टकरा गई। घटना में बाइक सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर कुरूद पुलिस तत्काल घटनास्थली पहुंची और घायलों को हाइवे एम्बुलेंस 1033 की मदद से उपचार के लिए कुरूद सिविल अस्पताल भिजवाया।



# जमीन आबंटन के खिलाफ पोटियाडीह के ग्रामीणों ने किया कलेक्टोरेट का घेराव



**10 एकड़ जमीन में अटल विहार बनाने का मामला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

हाउसिंग बोर्ड द्वारा ग्राम पोटियाडीह की 10 एकड़ जमीन को अटल विहार योजना के तहत आवंटन को लेकर गांव में बवाल मचा हुआ है। सोमवार को पोटियाडीह के सैकड़ों ग्रामीणों ने पंचायत से बिना अनुमति के इश्तहार प्रकाशन को लेकर कलेक्टोरेट का घेराव किया। संयुक्त कलेक्टर आरके कृपाल तथा तहसीलदरर सूरज बंछोर के आश्वासन के बाद आक्रोशित ग्रामीण वापट लौटे।

ग्राम पंचायत पोटियाडीह सरपंच श्रीमती शिवकुमारी, उपसरपंच राजीव गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट का घेराव किया। ग्रामीणों ने समस्या सुनने पहुंचे संयुक्त कलेक्टर आरके कृपाल को ज्ञापन सौंपकर कहा कि कार्यपालन अभियंता छग गृह निर्माण मंडल धमतरी ने पोटियाडीह स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 824/1 रकबा 4.33 हेक्टेयर (10.70 एकड़) को अटल विहार योजनांतर्गत आवंटित किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि पोटियाडीह की शासकीय भूमि खसरा नंबर 824/3 रकबा 16.97 एकड़ जमीन हाउसिंग बोर्ड को पूर्व में आवंटित की गई है। वर्तमान में पोटियाडीह की आबादी में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे ग्रामीणों को रहवास की समस्या उत्पन्न हो रही है। गांव में निस्तारी की समस्या आ रही है। उक्त जमीन पर 4-5 सालों से धान उपार्जन केन्द्र संचालित है जहां पोटियाडीह, रत्नाबांधा, मुजगहन, हटकेशर के किसान धान विक्रय करते हैं। गांव का चारागाह और श्मशान घाट भी उसी जमीन पर है। गांव में और जमीन नहीं होने से उक्त जमीन को हाउसिंग बोर्ड को आवंटित नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों की विशेष सभा बुलाकर हाउसिंग बोर्ड द्वारा जमीन की मांग को प्रस्ताव पारित कर निरस्त किया गया है। ग्रामीणों ने उनके आवेदन को निरस्त करने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान सरपंच शिवकुमारी जांगड़े, ग्राम समिति अध्यक्ष शिशुपाल, पंच विजय कुमार, अजीत कुमार, प्रेम सोनवानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सिवनीकला, गोबरा के आक्रोशित किसानों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

# सिवनीकला सोसाइटी व्यवस्थापक को निलंबित करने की मांग

- मामला सोसाइटी में एक किसान के करंट में गंभीर रूप से झुलसने का

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम सिवनीकला धान उपार्जन केंद्र में एक किसान की करंट से मौत के मामले में गोबरा के किसान आक्रोशित हैं।

सोमवार को सिवनीकला के किसानों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सोसाइटी व्यवस्थापक ओमप्रकाश साहू पर निलंबन की कार्रवाई तथा संपूर्ण इलाज की मुआवजा राशि व्यवस्थापक से दिलाने की मांग की है। किसान खूबलाल साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, संतराम साहू, टिकेश्वर साहू, पुनाराम साहू, भूषण देशलहरे, डोमार ध्रुव, संतोष साहू, रामस्वरूप साहू, गुलशन साहू, रामजी साहू, तिलक साहू, चुम्मन साहू, हेमलाल, नीलू, नरेंद्र साहू सहित गोबरा के ग्राम पटेल, ग्राम अध्यक्ष आदि ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि 19 नवंबर बुधवार को गोबरा निवासी किसान भोजराज साहू पिता स्वर्गीय परदेसीराम साहू एक ट्रैक्टर धान लेकर टोकन के माध्यम से बेचने के लिए सिवनीकला सोसाइटी गया था। सुबह 9:30 बजे करीब धान खाली करते समय भोजराज 11 केवि विद्युत तार के संपर्क में आने के कारण हादसे का शिकार हो गया। करंट के कारण भोजराज 30 से 40 प्रतिशत झुलस चुका है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इलाज रायपुर के कालड़ा अस्पताल में चल रहा है।

किसानों ने कहा है कि यह घटना सिवनीकला के व्यवस्थापक की लापरवाही से हुई है। सोसाइटी में 6 माह पहले 4 फीट मिट्टी डाली गई है। भीड़ नहीं होने के बाद भी धान को अलग-अलग जगह पर खाली करवाया गया जिससे किसान को धोखा हुआ। 4 फीट मिट्टी पाटने के बाद भी बिजली विभाग को पोल को ऊपर उठाने के लिए जानकारी नहीं दी गई। गंभीर हादसे के बाद भी व्यवस्थापक ने इमरजेंसी 108 को फोन करने की जरूरत नहीं समझा और मूकदर्शक बना रहा है। पीड़ित किसान के परिजन अपने घर से गाड़ी लाकर हॉस्पिटल ले गए। घटना के तुरंत दूसरे दिन विद्युत तार ऊपर किया गया। यह सुधार कार्य धान खरीदी के पहले होने पर दर्दनाक घटना नहीं होती। घटना के बावजूद धान की कांटा तौलाई के बाद हमाल ने पीड़ित किसान के भाई खूबलाल से 250 रूपए की मांग की जबकि पैसा लेने का कोई प्रावधान नहीं है। किसानों ने व्यवस्थापक को हादसे का दोषी मानते हुए सिवनीकला सोसाइटी के व्यवस्थापक को निलंबन करने तथा उसे इलाज की संपूर्ण राशि दिलाने की मांग की है। किसानों ने बताया कि मुख्यमंत्री, खाद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री, विधायक अजय चंद्राकर, कुरूद एसडीएम, तहसीलदार तथा थाना प्रभारी को भी ज्ञापन सौंपा गया है।



**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### एक ही परिवार के दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत से गांव में पसरा मातम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम उड़कुड़ा में दो मासूम बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गया। घटना की खबर जैसे ही परिजनों का मिला उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में मातम छा गया। उड़कुड़ा में रविवार को हुई दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया। दोनो बच्चे कक्षा दूसरी के छात्र थे। रविवार को स्कूल का अवकाश होने के कारण गांव के जोगी गुफा के पास स्थित तालाब में खेलने के लिए गए थे। खेलने के दौरान दोनो तालाब के गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। दोनो बच्चे एक ही परिवार के थे। दोनो बच्चे ग्राम उड़कुड़ा निवासी 6 वर्षिय लोमेश जुर्री और आयुष जुर्री है। परिजनों के अनुसार यह घटना शाम लगभग 4 बजे के आस पास का है। दोनो बच्चे खेलते-खेलते तालाब के पास पहुंचे। लोमेश और आयुष पानी में उतरकर खेलने लगे। दोनों खेलते-खेलते गहरे पानी में चले गए। कुछ देर बाद भी जब वे पानी से बाहर नहीं आए वहां पर मौजूद एक अन्य बच्चा जोर जोर से रोने लगा। बच्चे की आवाज सुनकर ग्रामीण तालाब की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने दोनो बच्चों को तालाब में देखा और किसी तरह उन्हे तालाब से बाहर निकालाकर अस्पताल ले गए। घटना की जानकारी चारामा थाना पुलिस दिया गया। मासूमों को तुरंत चारामा अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। बच्चों के मौत होने कि जानकारी जैसे ही परिजनों को मिला तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव मातम पसर गया।

### हर हफ्ते बदल रहे सब्जियों के दाम बंपर आवाक पर खपत है ज्यादा



**कांकेर।** शहर के चिल्हर बाजारों में हरी सब्जियों के दामों में लगातार उतार-चढ़ाव से आम उपभोक्ता परेशान हैं। हर सप्ताह कीमतें कभी अचानक नीचे गिर जाती हैं तो कभी आसमान छूने लगती हैं। आवक अच्छी होने के बावजूद खपत अधिक रहने से कई सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। सब्जी विक्रेता ने बताया कि अंचल क्षेत्र से इस समय हरी सब्जियों का बंपर उत्पादन हो रहा है। बाजार में सब्जियों की कमी नहीं है, किंतु ठंड के मौसम में हरी सब्जियां लोगों की पहली पसंद होने से उठाव बढ़ गया है और इसी कारण रेट ऊपर जा रहे हैं। रविवार को शहर की इतवारी बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई, लेकिन बढ़े हुए दामों ने खरीददारों को मायूस कर दिया। इस सप्ताह कई हरी सब्जियों के दामों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। बाजार में मुनगा 120 रुपएं किलो, मेथी भाजी, मटर, कुम्हड़ा, हरा धनियां 100 रुपएं किलो, जबकि करेला, बरबटी, भिंडी, ग्वारपल्ली, गोभी, शिमला मिर्च, लौकी 80 रुपएं किलो रही।

न्यायालय तहसीलदार भखारा
जिला धमतरी छ.ग.

**उपस्थिति सूचना**

रा.प्र.202507132300022/अ- 27 वर्ष 2024-25
ग्राम-भैसबोड तहसील भखारा

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम भैसबोड को सूचित किया जता है, कि आवेदक रमेशर पिता जगतुराम अन्य 1 निवासी भैसबोड तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 178 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत ग्राम भैसबोड स्थित भूमि खसरा नं. 19, 22, 23 रकबा क्रमशः 0.41, 0.25, 0.50 हे, योग खसरा नं. 03 योग रकबा 1.16 हे. आवेदकगण रमेशर अन्य-1 एवं अनावेदकगण कमलेश कुमार वगैरह के नाम पर दर्ज है। उभय पक्षकार संयुक्त खाते की भूमि का 1/3 हिस्सा में खाता बंटवारा किये जाने आवेदन पत्र न्यायालय में पेश किया है। प्रकरण में अनावेदक क्रमांक 2, 3 एवं 4 क्रमशः करूणा, तुलसी एवं गायत्री की उपस्थित हेतु नियत है। प्रकरण में अनावेदक को सूचित किया जाता है कि आगामी सुनवाई दिनांक 28/11/2025 हेतु नियत है।

अतः अनावेदक क्रमांक 2, 3 एवं 4 करूणा तुलसी गायत्री पिता केदार को सूचित किया जाता है कि आगामी पेशी दिनांक 28/11/2025 को स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर अपना पक्ष रख सकते है । नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आप लोगों के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए आगे की कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
भखारा

---

आवागमन की पर्याप्त सुविधा नहीं होने से क्षेत्रवासी परेशान

# मेघा महानदी पुल में वैकल्पिक मार्ग बनाने ठेकेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



मेघा महानदी पुल 21 सितंबर 2024 की मध्य रात्रि में टूट जाने से आवागमन पूर्णतः बंद हो गया है। यह सेतु धमतरी कुरूद मगरलोड को जोड़ने का मुख्य और एकमात्र साधन है। मगरलोड क्षेत्र के हजारों लोग प्रतिदिन इसी रास्ते से आना-जाना करते हैं। आवागमन की पर्याप्त सुविधा नहीं होने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। मेघा महानदी सेतु मुख्य मार्ग है। शासन प्रशासन द्वारा आज तक जनता के आवागमन की सुविधा हेतु व्यवस्था नहीं की गई है। 8 जनवरी 2025 को मेघा महानदी में नए सेतु निर्माण का भूमिपूजन मुख्यमंत्री ने किया। महानदी में सेतु निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। निर्माण कार्य सेतु निगम मंडल के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से किया जा रहा है। मई-जून 2025 को ठेकेदार के द्वारा मिट्टी से नाम मात्र का वैकल्पिक मार्ग बनाया गया था जो हल्की बरसात में ही बह गया था। बरसात समाप्त हो गई। काफी समय बीत जाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा वैकल्पिक निर्माण का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। वहीं ठेकेदार से मोबाइल से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। बता दें कि महानदी के सेतु का निर्माण 40 करोड़ 97 लाख 68000 की लागत से होने जा रहा है।

### धान खरीदी, परिवहन कार्य प्रभावित

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीद्रा जा रहा है। खरीदे गए धान का परिवहन कुरूद, भटगांव संग्रहण केंद्र एवं राइस मिल कुरूद में होता है। मगरलोड क्षेत्र के लगभग 20 धान खरीदी केंद्र का धान परिवहन का कार्य प्रभावित हो रहा है। मिल एवं परिवहनकर्ता कम दूरी वाले केंद्रों को अधिक महत्व देते हैं।

### ठेकेदार को बोला गया है

सेतु निर्माण अनुबंध के अनुसार ठेकेदार द्वारा वैकल्पिक मार्ग बनाना आवश्यक है। महानदी में जल बहाव बहुत कम हो गया है। वैकल्पिक मार्ग बनाने के लिए ठेकेदार को बोला जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों के आवागमन की व्यवस्था हो सके।

- एसके गुप्ता, *सेतु निगम ईई*

### मार्ग बनाने बातचीत चल रही

मेघा महानदी में वैकल्पिक मार्ग बनाने बातचीत चल रही है। नदी में जल बहाव का निरीक्षण कर मार्ग बनाया जाएगा। इसके लिए ठेकेदार से बात करते हैं।

- श्री कोसले, *एसडीएम कुरूद*

---

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल : भूपेश



- कांग्रेसियों ने पूर्व मुख्यमंत्री का किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

रविवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल धमतरी प्रवास पर रहे। इस दौरान वे कुरूद स्थित कांग्रेसी नेता नीलम चंद्राकर के ट्रैक्टर शोरूम ऑफिस पर रुके। जहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया। कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हड़बड़ी में एसआईआर कराने का आरोप लगाते हुए इससे आम लोगों को हो रही परेशानी के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया।

श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। महंगी बिजली, खाद बीज की कमी, सोसाइटियों में अव्यवस्था, रजिस्ट्री शुल्क बढ़ने से किसान काफी चिंतित है। पहले उन्हें समय पर खाद, बीज व सस्ती बिजली मिल रही थी। अब एग्रीस्टेक से लाखों किसानों के नाम कट गए। खेतों का रकबा भी कम हो गया, किसान धान बेचने जा रहे हैं तो तकनीकी खामी के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने अव्यावहारिक तरीके से गाइडलाइन दर बढ़ाए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे जमीन के दाम कई गुना बढ़ जाएंगे। इससे किसानों के साथ आम लोग नुकसान में रहेंगे। यह फैसला सिर्फ सरकार का राजस्व बढ़ाने के लिए है। इससे भूमाफिया को फायदा मिलेगा।

उन्होंने छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गुंडे बदमाशों को पुलिस का डर नहीं है। छत्तीसगढ़ अब अपराधगढ़ बन गया है।

इस अवसर पर बिंदानवागढ़ विधायक जनकराम धुव, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, प्रदेश सचिव तारिणी चंद्राकर, राजकुमारी दीवान, नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, आशीष शर्मा, राजू साहू, रमेशर साहू, हितेंद्र केला, नरेंद्र सोनवानी, महिम शुक्ला, होमेन्द्र साहू, मनोज अग्रवाल, कामराय, उत्तम साहू, जानसिंह यादव, रविन्द्र साहू, तुकेश, मिलन साहू, रवि शर्मा, चंद्रप्रकाश देवांगन, भानुप्रताप बैस, संतोष प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

---

# नपा अध्यक्ष ने किया मितानिनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

टीकाकरण, पोषण कार्यक्रम, गर्भवती महिलाओं की देखरेख, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण मुक्ति अभियान तथा स्वास्थ्य परामर्श जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगातार सक्रिय होकर स्वास्थ्य जागरूकता की पहुंच हर घर तक पहुंचाने का कार्य करने वाली मितानिनों का राष्ट्रीय मितानिन दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष कुरुद ने सम्मानित किया। नगरपालिका कुरूद की ओर से अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर ने मितानिनों को अपने निवास में आमंत्रित कर उनका मान बढ़ाया। शाल, श्रीफल और नगरपालिका द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सभी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा कार्य में अग्रणी भूमिका निभाने वाली मातृशक्तियों का सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है।

---

# ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में मितानिनों का अहम योगदान

- नगरी के सभाहाल में मितानिनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



विश्व मितानिन दिवस पर नगर पंचायत नगरी के सभाहाल में कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत के 15 वार्डों में सेवा दे रही मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित थे।

नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ ही मितानिन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तब से लेकर आज तक मितानिन बहनें कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना के साथ गांव-गांव, घर-घर स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचा रही हैं। वे गर्भवती महिलाओं की देखरेख से लेकर नवजात शिशु के 7 प्रकार के लक्षणों की पहचान, टीबी, मलेरिया, सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों का प्राथमिक उपचार घर-घर पहुंचकर करती हैं। उनके इस अथक परिश्रम और सेवा भाव को हम सभी नमन करते हैं। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने मितानिनों बधाई दी एवं मतदाता सूची पूर्ण निरीक्षण कार्य में सभी जनप्रतिनिधियों से निर्वाचन आयोग का सहयोग करने का आग्रह किया। सम्मान समारोह के दौरान मितानिन हेमलता यादव, टुकेश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू ने अपने अनुभव भी साझा किए और बताया कि किस प्रकार वे हर परिस्थिति में समुदाय को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने में तत्पर रहती हैं। मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग से अलका किरण साव, स्वास्थ्य विभाग से शंकरदेव व पार्षद राजा पवार उपस्थित थे।

इस दौरान मितानिन धनेश्वरी साहू, तोमिन साहू, राजकुमारी निषाद, गायत्री निषाद, अमृता लाहोरिया, भुनेश्वरी निषाद, द्रौपदी निषाद, खिलेश्वरी साहू, वेदमाती पुजारी का सम्मान किया गया।

---

# महापौर रामू ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की प्रगति का जायजा लेने महापौर रामू रोहरा ने सोमवार को निगम सभाहाल मे चल रहे एसआईआर कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर और ऑपरेटरों से कार्य की स्थिति कीजानकारी ली तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

महापौर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयसीमा में फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ने), फॉर्म-7 (नाम विलोपन), फॉर्म-8 (सुधार) सहित अन्य आवश्यक प्रविष्टियों को शत-प्रतिशत सटीकता के साथ पूरा करना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन की ऑनलाइन एंट्री त्रुटिरहित, समयबद्ध और पूरी जिम्मेदारी के साथ की जाए, जिससे मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता बनी रहे।

निरीक्षण के दौरान महापौर रामू रोहरा ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की मूल आधारशिला है, इसलिए इस अभियान से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी ईमानदारी, पारदर्शिता और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

---

# नियमों का पालन करने और नशे से दूर रहने की दी सलाह

- सड़क दुर्घटना में दिवंगतों की स्मृति में जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र नगरी के तत्वावधान में विश्व सड़क दुर्घटना स्मृति दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए दिवंगतों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी थीं। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना ने कहा कि सड़क सुरक्षा की मूल आधारशिला मन की एकाग्रता और जागरूकता है। उन्होंने कहा कि यदि मन शांत और संयमित हो, तो व्यक्ति हर कार्य सही ढंग से कर पाता है। वाहन चलाते समय जल्दबाज़ी, असावधानी और नशे की स्थिति ही अधिकतर दुर्घटनाओं का कारण बनती है। उन्होंने नियमित मेडिटेशन को मन के संयम और जागरूकता के लिए आवश्यक बताया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अकबर कश्यप और बी. यदु ने भी सुरक्षित ड्राइविंग, नियमों के पालन और नशे से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में पीतांबर ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत बीके कमलेश्वरी ने किय। भावना बहन ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। दिवंगत आत्माओं की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। सभी ने कैंडल जलाकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन निशा साहू ने किया।

---

### सेवानिवृत्त पेंशनरों का हुआ सम्मान

**नगरी।** तहसील पेंशनर्स समाज नगरी द्वारा सिंचाई एवं शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ पेंशनर्स तथा परिवार पेंशन प्राप्त महिलाओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ग्राम अंजनी रानीगांव के नंदूराम साहू सिंचाई विभाग, दुगली के गजराज सिंह ध्रुव शिक्षा विभाग तथा परिवार पेंशन प्राप्त महलाओं आशाबाई नेताम छिपली व कचरा बाई साहू सांकरा ने पेंशनर्स समाज की सदस्यता ग्रहण की। तहसील पेंशनर्स समाज नगरी के अध्यक्ष आरएल देव ने श्रीफल भेंट किया। एलएन दीक्षित, बीएल सार्वा, एलएस गजपाल, पीआर चंद्रवंशी, डीएस ध्रुव, जीसी.साहू, पीएल सिन्हा, जीसी वर्मा, एसपी ग्वाले, एस. कश्यप, मोहन साहू सहित अन्य पेंशनर्स साथियों ने हर्ष जताया। इसी क्रम में तरतीला बेगम नगरी ने भी सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्ष आरएल देव एवं संरक्षक एएल बनपेला ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

---

# पीजी कॉलेज में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के निर्देशन तथा स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन, स्वीप कैंपस अंबेसडर अर्पणा शर्मा, डॉ. आकांक्षा मिश्रा और विधि विभाग के छात्र-छात्राओं के सहयोग से किया गया।

अभियान के दौरान प्रो. पंकज जैन, डॉ. आकांक्षा मिश्रा, अर्पणा शर्मा सहित गीतांजलह नाग, भावना, अमरीका पैकरा, चंद्रिका रानी, शोभा, यामिनी मनीशा, डिगेश्वर, वर्शा, गतिका, गगन, एनएसएस एवं विधि विभाग के विद्यार्थियों ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की।

प्रो. पंकज जैन ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धमतरी के मार्गदर्शन में जिले भर में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। सभी पात्र मतदाताओं को अपनी नवीन फोटो संलग्न कर सही जानकारी भरकर प्रपत्र बीएलओ को वापस करना है। एसआईआर का मुख्य उद्देश्य सही मतदाताओं की पहचान कर मृत मतदाताओं का नाम सूची से हटाना है। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने विद्यार्थियों से इस अभियान को व्यापक रूप से सफल बनाने की अपील की।

---

## नपं भखारा में मितानिनों को साड़ी भेंटकर किया सम्मानित

# मितानिनें स्वास्थ्य सेवा की आधारशिला हैं : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



नगर पंचायत भखारा में मितानिन दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के सभी मितानिन बहनों एवं ब्लॉक समन्वयकों का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने की।

अपने उद्बोधन में अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि मितानिन केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ता नहीं, बल्कि हर घर की भरोसेमंद साथी हैं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी जन-स्वास्थ्य की सेवा में कभी पीछे कदम नहीं रखा। नगर पंचायत सदैव मितानिनों के साथ है और उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

समारोह के दौरान ब्लॉक समन्वयक द्वय मोंगरा साहू एवं सुशीला निर्मलकर, एमटी पुष्पा साहू ने मितानिनों द्वारा किए जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मितानिन टीकाकरण, पोषण कार्यक्रम, गर्भवती महिलाओं की देखरेख, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण मुक्ति अभियान तथा स्वास्थ्य परामर्श जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि मितानिनों की मेहनत से ही स्वास्थ्य जागरूकता की पहुंच हर घर तक संभव हो पाई है। सम्मान समारोह में सभी मितानिनों का स्वागत कर साड़ी देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर मितानिनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने इस अनूठे आयोजन के लिए नगर पंचायत को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस सम्मान से उनका आत्मविश्वास और बढ़ा है। उन्होंने आगे भी अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ काम करने का वचन दिया। मितानिन क्लैप करके अध्यक्ष के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम में नगर पंचायत के महिला पार्षदगण भूपेश्वरी चंदेल, चांदनी साहू सहित टिकेश्वरी यादव, जयंत्री साहू, भुनेश्वरी साहू, प्रीति साहू, मनभा गायकवाड, गोमती साहू, कृष्णा साहू लक्ष्मी बंजारे, सुलोचना साहू, मीना साहू, देवकी कोसरे, अमरीका, योगेश्वरी, संतोषी साहू, प्रमिला बेड़गे आदि मितानिन उपस्थित रहीं।

---

# खरेंगा में लगा पशु चिकित्सा शिविर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम खरेंगा में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पशुओं का उपचार व औषधि का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा रविवार को ग्राम खरेंगा में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें गांव के 28 पशुओं का उपचार, 48 पशुओं के लिए औषधि वितरण, 56 पशुओं को कृमिनाशक दवाई, 16 पशुओं को किलनीनाशक पावडर एवं 14 पशुओं का बधियाकरण किया गया।

शिविर में एनएसएस के गणेश प्रसाद साहू, हिरदेराम साहू, गांव के महादेव यादव, बीरसिंग यादव, रूपनारायण सहित विभाग के डॉ. असीम दौलत, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी प्रेमलाल साहू, मोबाइल यूनिट से गुलशन सहू, परिचारक विकास विश्वकर्मा, झुमुक नेताम व आत्माराम का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### दो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 22 नवंबर को पीव्ही 46 और पीव्ही 41 में छापामार कार्यवाही करते हुए दो लोगो को पकड़ा और अबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया। पीव्ही 46 निवासी 45 वर्षीय बंकिम राय अपने दुकान में लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा दे रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वही दूसरी कार्यवाही में मटोली निवासी 18 वर्षीय राकेश कुमार सार्वजनिक स्थाना में शराब का सेवन कर रहा था, जिसके खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत गुभड़ी निवासी 21 वर्षीय निर्मल उसेंडी ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। लोहत्तर निवासी राजकुमार उसेंडी ने पुलिस को बताया कि 23 नवंबर को मृतक शराब के नशे में जहर का सेवन कर लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। मृतक ने जहर क्यो खाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारणअज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत देहारीपारा निवासी 27 वर्षीय निमेश राणा ने 23 नवंबर को दोपहर डेढ़ बजें ग्राम बारदा में लोहे के एंगल में नायलोन रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्राम बड़ा देहारी निवासी 52 वर्षीय जैनुलाल राणा ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 46 निवासी 25 वर्षीय प्रहलाद समदार का डूबने से मौत हो गया। पीव्ही 46 निवासी 24 वर्षीय विप्लव समदर ने पुलिस को बताया कि मृतक का बचपन से दिमागी हालत सही नही था। वह 20 नवंबर से गायब था। दो दिन बाद 23 नवंबर को उसका शव खेत के डबरी में मृत अवस्था में मिला। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कृषि कालेज में खेलकूद प्रतियोगिता 26 से होगी

**कांकेर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट में 26 से 29 नवम्बर तक दक्षिण क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. कर्नल गिरीश चंदेल तथा कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर मौजूद रहेंगे।

### खड़े ट्रैक्टर को लगाई आग अज्ञात आरोपी की तलाश

**कांकेर।** शहर से सटे ग्राम पटौद में किसी अज्ञात ने गांव में खड़ी एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। घटना रात लगभग दो बजें का है। थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम पटौद में देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर में अचानक आग भड़क उठी। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रैक्टर में आग लगाई और मौके से फरार हो गया। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गई। घटना के दौरान आस-पास के लोग घरों से बाहर निकल आए। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वाहन का आधे से ज्यादा हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था। बताया जा रहा है की यह घटना 21 नवंबर की देर रात का है। ग्रामीणों ने किसी तरह पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वाहन का आधे से ज्यादा हिस्सा जल चुका था।

---

एग्रीस्टेक में त्रुटि सुधार और संशोधन करने की मांग

# वन ग्रामों के हजारों किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित

- परिवर्तित राजस्व ग्राम संघर्ष समिति ने जनदर्शन में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



वनग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तित 110 गांव के 7 हजार किसान एग्रीस्टेक को लेकर सिर पीट रहे हैं। सोमवार को परिवर्तित राजस्व ग्राम संघर्ष समिति ने वन अधिकार पत्रधारक किसानों के पंजीयन एवं संशोधन को लेकर कलेक्टोरेट में प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

संघर्ष समिति के संयोजक मयाराम नागवंशी, जिलाध्यक्ष बंशीलाल सोरी ने बताया कि जिले के नगरी, मगरलोड, कुकरेल, बेलरगांव, धमतरी तहसील अंतर्गत 110 गांव वनग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तित हुए हैं। इन गांवों के अधिकांश किसान पंजीयन में त्रुटि सुधार और संशोधन कार्य नहीं होने से परेशान हैं। किसानों को त्रुटि सुधार एवं पंजीयन की सही जानकारी विभागीय अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं। इससे 110 गांव के किसानों का आक्रोश दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि एग्रीस्टेक में काबिज रकबा को लंबित दिखाया जा रहा है। संशोधन नहीं हो पा रहा है। रकबा में शून्य दिखाना, गिरदावरी सत्यापन नहीं दिखाया जा रहा है। जिस किसान के पास राजस्व ग्राम तथा वनाधिकारी पत्र है उनका या तो राजस्व ग्राम का पंजीयन हो रहा है या वनग्राम का दोनों जगह का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा है कि त्रुटि सुधार मात्र एक दिन शेष है जिसका समय बढ़ाकर त्रुटि संशोधन कार्य कर किसानों की समस्या हल करने की मांग की है।

बेलरगांव तहसील के ग्राम करैहा निवासी मगरू पिता पहरसिंह गोंड ने बताया कि गुहाननाला पहनं 13 रानिमं गट्टासिल्ली नगरी तहसील में वन अधिकार मान्य पत्रधारी की हैसियत से भूमि खसरा नंबर 304 रकबा 2.453 हेक्टेयर कृषि जमीन तथा करैहा पहनं 10, रानिम गट्टासिल्ली तहसील बेलरगांव में खसरा नंबर 9/1, 48, 284/1 रकबा 0.61, 0.41, 0.08 राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि में अर्जित फसल को सन 2024 में समर्थन मूल्य पर धान बेचा था। इस साल गुहाननाला स्थित वन अधिकार पत्र वाला खसरा नंबर 304 रकबा 2.453 हेक्टयेर फसल का एग्रीस्टेक नहीं होने से 128 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचने से वंचित होना पड़ रहा है। इससे उसे आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ेगा। इसी तरह की शिकायत फत्तेसिंग, महंगू गोंड सहित अनेक किसानों ने की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कसपुर समिति के ग्राम कट्टीगांव, सिजनपुर, माडियामारी, बरोली, घटुला समिति के बहीगांव, आमानाका, बिरनासिल्ली, फरसगांव, अमलीडीह, मुंहकोट, उमरगांव, समिति के मौहाबाहरा के पोर्टल में रकबा शून्य दिखा रहा है जिससे उक्त गांवों के किसी भी किसान का टोकन नहीं कटा है।

---

## गौशाला मैदान में 23 दिसंबर से रामकथा कथावाचक पं. अतुलकृष्ण महाराज होंगे

- शहरवासियों को भगवान राम की अद्वितीय, अद्भुत कथा सुनने को मिलेगी : पं.राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित रामायण की कथा पंडित अतुल कृष्ण महाराज के मुखारविंद से 23 दिसंबर से गौशाला मैदान में होगी। आयोजकर्ता शहर के धर्मप्रेमी एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा होंगे। उक्त आयोजन की तैयारी के लिए नगर निगम के पार्षदगणों की एक बैठक राधाकृष्ण परिसर में हुई जिसमें सभी ने राम कथा की दिव्यता एवं भव्यता को नया रूप देने की बात की। इसके लिए मोहल्लों बैठक आयोजित की जायेगी।

पंडित राजेश शर्मा ने कहा है कि हम सबके लिए सौभाग्यशाली क्षण है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का अपनी जन्मभूमि पर विराजमान होने के पश्चात शहर में राम कथा का विराट आयोजन हो रहा है। राम सप्ताह का आयोजन निश्चित ही आपसी प्रेम, भाईचारा को बढ़ाते हुए सनातन को मजबूती प्रदान करेगा। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल, वरिष्ठ नेता गोपाल साहू सहितपार्षदगण विजय मोटवानी, अखिलेश सोनकर, पिंटू यादव, तल्लीन पुरी गोस्वामी, कोमल सार्वा, संतोष सोनकर, कुलेश सोनी, सतीश पवार, गजेंद्र कंवर, संतोष देवांगन, ईश्वर सोनकर उपस्थित थे।

---

## कमल कप 2025 में 16 टीमों के बीच होगा मुकाबला



- महापौर रामू रोहरा ने किया उद्घाटन, मॉडल इंग्लिश स्कूल ने हासिल की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

युवा खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कमल कप 2025 अंडर-19 इंटरस्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बुधवार को हुआ। महापौर रामू रोहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक चिट प्रणाली से 16 टीमों का फिक्स्चर घोषित किया।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि कमल कप धमतरी के युवाओं के लिए अपनी खेल प्रतिभा निखारने का श्रेष्ठ मंच है। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास का माध्यम है तथा नगर निगम ऐसे आयोजनों को निरंतर सहयोग देता रहेगा। उद्घाटन मुकाबला मॉडल इंग्लिश स्कूल और शासकीय उमा विद्यालय खरतुली के बीच खेला गया, जिसमें मॉडल स्कूल ने 68 रनों से शानदार जीत दर्ज की। पहले गेंदबाजी करते हुए खरतुली ने शुरुआती दबाव बनाया, मगर मॉडल स्कूल के मध्य क्रम ने मोर्चा संभालते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 6 विकेट पर 115 रन बनाए। टीम के बल्लेबाज डेनिश ने 54 रन की विस्फोटक पारी खेलते हुए मैन ऑफ द मैच बने। जवाब में खरतुली का बल्लेबाजी क्रम लगातार बिखरता रहा और पूरी टीम 48 रनों पर सिमट गई। मॉडल स्कूल के प्रमुख गेंदबाज ने हैट्रिक सहित 5 विकेट लेते हुए मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। कार्यक्रम में महेंद्र पंडित, अविनाश दुबे, पवन गजपाल, विनय जैन, नीतू त्रिवेदी सहित कई जनप्रतिनिधि व खेलप्रेमियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। टूर्नामेंट में प्रतिदिन रोमांचक मुकाबले होंगे, जो स्व. बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब रोड में खेले जाएंगे।

---

## विषय विशेषज्ञ देंगे व्यवसाय को प्रगतिशील बनाने टिप्स

- 26 को ग्रीन पैकेजिंग पर आयोजित होगी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



केन्द्रीय पेट्रो-रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रायोजन तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र धमतरी के सहयोग से ग्रीन पैकेजिंग में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अवसर और व्यवहारिक तरीके विषय पर विशेष कार्यशाला 26 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से रुद्री रोड एक होटल में होगी।

कार्यशाला में सभी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की पंजीकृत इकाइयां निःशुल्क भाग ले सकती हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगों को पर्यावरण, अनुकूल पैकेजिंग की दिशा में उन्नत तकनीकों, नवाचारों तथा व्यावहारिक उपायों की जानकारी प्रदान करना है।

कार्यशाला में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा ग्रीन पैकेजिंग के उपयोग, इसके लाभ, उद्योगों में इसके क्रियान्वयन की संभावनाओं तथा व्यवसाय को अधिक प्रगतिशील बनाने संबंधी विषयों पर जानकारी दी जाएगी। जिला प्रशासन तथा उद्योग विभाग ने अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयों से इस कार्यशाला में शामिल होकर इसका लाभ लेने की अपील की है।

---

## हिंदू जागरण मंच ने दुष्कर्मियों का पुतला फूंका

- फांसी देने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मगरलोड ब्लॉक के एक ग्राम में एक महिला और उसकी बेटी के साथ कथित दुष्कर्म के मामले को लेकर हिंदू जागरण मंच ने सोमवार की दोपहर 3 बजे सिटी कोतवाली मैदान में आक्रोश प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों का पुतला दहन किया और उन्हें फांसी की सजा दिलाने की मांग करते हुए एसडीएम धमतरी को ज्ञापन सौंपा। संगठन का आरोप है कि जिले में अवैध प्रार्थना सभाओं की आड़ में धर्मांतरण कर कमजोर तबके की महिलाओं का शोषण किया जा रहा है तथा प्रार्थना सभा के नाम पर अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

हिंदू जागरण मंच ने कहा कि सेवा और प्रार्थना सभा की आड़ में ग्रामीणों को मतांतरित कर उन्हें पास्टर-पादरी के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे गांव-गांव में घरों को गिरिजाघर बनाकर अवैध सभाएं संचालित की जा सकें। संगठन का आरोप है कि मतांतरण के बाद परिवारों को मूल चर्चों में सम्मान नहीं मिलता, जिससे समाज में वैमनस्य बढ़ रहा है। संगठन ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जिले में अवैध प्रार्थना सभाओं पर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन और बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे तथा मंच स्वयं कार्रवाई करने को बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

आक्रोश प्रदर्शन के दौरान प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, प्रवीण साहू, जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद, सहसंयोजक डाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, चित्रेश साहू, सनत साहू, जिला युवा एवं सूचना प्रमुख सत्यम सिन्हा, पूरण सोनी, देवराज राजपूत, मनीष साहू, सुभांत सालुंके, राकेश मौर्य, तोरण गंजीर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## ऑनलाइन टोकन से किसानों को लंबी लाइन लगाने से मिली मुक्ति

- समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था बनी किसानों की पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था इस वर्ष पहले से कहीं अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसान हितों को केंद्र में रखकर संचालित की जा रही है। प्रशासन द्वारा तकनीकी नवाचारों और सुविधाओं के व्यापक विस्तार से किसानों को त्वरित तथा सुचारू सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। इसी सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल ग्राम रुद्री के कृषक राजेश साहू हैं, जिन्होंने टोकन तुंहर द्वार' मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन बुक कर निर्धारित समय पर खरीदी केंद्र पहुंचकर बिना किसी प्रतीक्षा के अपना धान विक्रय किया। सेवा सहकारी समिति सोरम में उन्होंने 80 क्विंटल धान की बिक्री की। श्री साहू बताते हैं कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था ने किसानों को भीड़, लंबी कतारों और समय की बर्बादी से पूरी तरह मुक्त कर दिया है। यह व्यवस्था किसानों के लिए वास्तव में एक बड़ा राहत कदम साबित हुई है। राजेश साहू ने इस वर्ष 4 एकड़ भूमि में धान की खेती की। समय पर सिंचाई, उन्नत कृषि पद्धतियाँ तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से उन्हें इस बार बेहतर उत्पादन प्राप्त हुआ। पिछले वर्ष खरीदे गए ट्रैक्टर ने उनके काम को काफी सुगम बना दिया। खेत की जुताई, समतलीकरण, कटाई और परिवहन जैसे कार्य अब पहले की तुलना में अधिक तेजी, कम लागत और बेहतर दक्षता के साथ संपन्न हो रहे हैं।



इस वर्ष की धान बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग वे ट्रैक्टर की किस्त चुकाने, कृषि ऋण भुगतान, रबी फसल हेतु उन्नत गुणवत्ता के खाद-बीज खरीदने, तथा सिंचाईदृसुविधाओं को मजबूत करने में करेंगे। साथ ही वे अपने खेत के एक हिस्से में ड्रिप सिंचाई प्रणाली लगाने और खेती में जैविक तरीकों को बढ़ावा देने की भी तैयारी कर रहे हैं, ताकि भविष्य में उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि हो सके।

---

## ट्रेनिंग ऑन डेटा एनालिसिस विद पाइथन पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान तथा आईटी विभाग के द्वारा ट्रेनिंग ऑन डेटा एनालिसिस विद पाइथन विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. देवेन्द्र चापेकर सहायक प्राध्यापक (आईटी) सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय नवापारा राजिम, डॉ. अनिल कुमार शर्मा सहायक प्राध्यापक (आईटी) आचार्य पंथ श्री ग्रंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जिला कबीरधाम थे।

प्रथम सत्र में डॉ. देवेन्द्र चापेकर ने डाटा हैंडलिंग और न्यूमेरिकल कम्प्यूटेशन विथ एनाकोण्डा विषय के अंतर्गत पाइथन का परिचय कराया तथा विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल सत्र में विभिन्न प्रोग्राम एक्सीक्यूट कराए, जिसमें आईटी विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। द्वितीय सत्र में डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने हैंड्स ऑन डेटा एनालिसिस एंड डेटा विजुअलाइजेशन पर केस स्टडी आधारित व्याख्यान दिया तथा प्रैक्टिकल के माध्यम से डेटा विश्लेषण व दृश्यांकन की प्रक्रिया समझाई।

---

पीजी कालेज में 'द जेन-जी माइंडसेट' पर राष्ट्रीय कार्यशाला

# अध्यापन में यूट्यूब, पीपीटी और आधुनिक तकनीक के उपयोग की बताई आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'एक्टिव लर्निंग एण्ड द जेन-जी माइंडसेट : नर्चरिंग इन्टरप्रेन्यूरियल थिंकिंग इन हायर एजुकेशन विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संचालन कर रही डॉ. तामेश्वरी साहू ने जेन-जी के मनोवैज्ञानिक व शैक्षणिक स्वरूप को समझते हुए शिक्षण पद्धति में बदलाव की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की की-नोट स्पीकर डॉ. मनदीप खालसा प्राचार्य शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी ने जेन-जी की तकनीकी रुचि, कार्यशैली एवं कक्षा सहभागिता पर चर्चा करते हुए नवाचारी शिक्षण पद्धति अपनाने पर जोर दिया। डॉ. डीएन देवांगन प्राचार्य मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कृष्ण विसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर ने जेन-जी कॉग्नेटिव इकोलॉजी फ्रॉम चॉक टू क्लाउड विषय पर व्याख्यान देते हुए अध्यापन में यूट्यूब, पीपीटी और आधुनिक तकनीक के उपयोग की आवश्यकता बताई।

डॉ. स्नेहा मुण्डा सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक ने परमा मॉडल के माध्यम से जेन-जी की मानसिक दृढ़ता पर मार्गदर्शन दिया। तीसरी वक्ता श्रीमती दीपमाला सूर्यवंशी सहायक प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र शासकीय महाविद्यालय लांजी बालाघाट ने 'पैशन टू प्रॉफिट जेन-जी : ग्रीन इन्टरप्रेन्योरशिप विषय पर पर्यावरण आधारित रोजगार व उद्यमिता की संभावनाओं पर चर्चा की। अंतिम वक्ता डॉ. धीरज कटारा वैज्ञानिक एवं फैकल्टी वायरोलॉजी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की शुरुआत और स्टार्ट-अप संस्कृति पर प्रेरक व्याख्यान दिया। आरसी सिद्दीकी एवं साथियों द्वारा पारंपरिक एवं आधुनिक शिक्षण पद्धति पर नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की समीक्षा पीसी चौधरी ने की। विभागाध्यक्ष डॉ. वेदवती देवांगन ने आभार व्यक्त किया। मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. चन्द्रिका साहू, केपी कोसिमा, डॉ. सपना ताम्रकार, जयश्री पंचांगम, रश्मि कुजूर, आकांक्षा कश्यप, अमित कुमार,पल्लवी बरड़िया, डॉ. सीमा साहू, राजेश चौरसिया, हरप्रीत सिंह आनंद, डॉ.संजय साहू, अंबिका साकेत, निरंजन कुमार, डॉ.डीआर टंडन, कृष्ण कुमार देवांगन, डॉ.अश्वनी कुमार, डॉ.आकांक्षा मिश्रा, अमर सिंग साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

---

## अधिवक्ता संघ ने तहसील व लिंक कोर्ट का किया बहिष्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद अधिवक्ता संघ ने तहसील कुरूद, भखारा व मगरलोड क्षेत्र में राजस्व न्यायालयों में चल रही अव्यवस्था व अनियमितताओं के विरोध में आंदोलन शुरू किया है। 11 नवंबर से अनिश्चितकालीन रूप से राजस्व न्यायालयीन कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया गया है।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश पाण्डेय ने कहा कि शिकायतों के समाधान के लिए कई बार आवेदन दिया गया, परंतु प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण 11 नवंबर से अधिवक्ता संघ कुरूद के सदस्यों ने तहसील के साथ-साथ लिंक कोर्ट मगरलोड के राजस्व न्यायालयीन कार्रवाई से दूरी बना ली है। 14 दिन बीतने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक बहिष्कार जारी रहेगा।

### ये हैं प्रमुख मांगें

मांगों में प्रमुख रूप से प्रतिलिपि शाखा द्वारा अधिवक्ताओं व पक्षकारों को समय पर सत्यापित प्रति उपलब्ध नहीं कराई जाती। राजस्व प्रकरणों का समय पर पंजीयन नहीं होता तथा महीनों तक निर्णय लंबित रहता है। तहसील लिपिकों द्वारा पक्षकारों को गलत जानकारी देकर अनुचित राशि वसूलने की शिकायतें मिली है। तहसीलों में लंबे समय से एक ही लिपिकों की पदस्थापना है, जिसका वह दुरुपयोग कर रहा है। सभी मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है।

### धमतरी में 77वां एनसीसी दिवस जोश और जज्बे के साथ मनाया गया

# मॉक ड्रिल में दिखा आतंकियों को घेरते हुए बम धमाकों गोलीबारी और ग्राउंड मूवमेंट्स का अद्भुत संयोजन



**युद्धभूमि में बदल गया मैदान**

मार्चपास्ट के बाद जैसे ही मॉक ड्रिल शुरू हुई, पूरा वातावरण रोमांच से भर गया। कैडेट्स ने यमंड पोजिशन, एमजी ग्रुप, एसएलआर ग्रुप की रणनीतियों के साथ आतंकियों को घेरते हुए बम धमाकों, गोलीबारी और ग्राउंड मूवमेंट्स का अद्भुत संयोजन प्रस्तुत किया। छात्रों की फुर्ती और युद्ध कौशल ने दर्शकों को ऐसा आभास कराया मानो वे असली युद्धक्षेत्र में हों। जयघोष और तालियों की गड़गड़ाहट देर तक गूंजती रही।

**सांस्कृतिक मंच पर भी छाई कैडेट्स की प्रतिभा**

मॉक ड्रिल के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मंच पर नई ऊर्जा भर दी जिसमें प्रथम स्थान पर मॉडल इंग्लिश स्कूल धमतरी टूमेद्रा साहू एवं टीम द्वितीय स्थान पीजी कॉलेज स्टंट डांस ग्रुप पुष्पराज एवं साथी रहे। मार्चपास्ट प्रतियोगिता में प्रथम सर्वोदय उत्तर माध्यमिक विद्यालय, द्वितीय नूतन उत्तर माध्यमिक विद्यालय रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

77वें एनसीसी दिवस पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को आयोजित संयुक्त समारोह अनुशासन, ऊर्जा और देशभक्ति से भर उठा। पीजी कॉलेज धमतरी, मॉडल इंग्लिश स्कूल, नूतन और सर्वोदय विद्यालय के कैडेट्स ने सुबह से ही कॉलेज परिसर को सैन्य उत्साह से सराबोर कर दिया। परेड कमांडर इंद्रेश देवांगन द्वारा संचालित प्रभावशाली मार्चपास्ट ने सभी का ध्यान खींचा। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा व प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महापौर रामू ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, एकता और साहस का संचार करती है। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने कैडेट्स को मुस्कुराते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। नूतन विद्यालय के प्राचार्य सुधीर राव गायकवाड़ ने कहा कि आज की परेड और मॉक ड्रिल ने एनसीसी की उपयोगिता को सिद्ध कर दिया है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट दिनेश सलाम ने इकाई की उपलब्धियों और वार्षिक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन भावेश कुमार और अनामिका साहू व आभार व्यक्त सेकंड ऑफिसर शेख रमजानी खान ने किया। मौके पर अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

## प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पायलट 26 को धमतरी आयेंगे



■ प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने राजीव भवन में ली कांग्रेस नेताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी व एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट का 26 नवंबर को धमतरी आगमन हो रहा है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकित सिंह गैंदू आवश्यक रूपरेखा बनाने राजीव भवन धमतरी पहुंचे जहां वरिष्ठ नेताओं की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री गैंदू ने बताया कि सचिन पायलट का 26 नवंबर को धमतरी आगमन होगा जहां कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कार्यकर्ताओं से विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों सहित निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर को लेकर चर्चा करेंगे। श्री गैंदू ने जिले के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व विधायकलेखराम साहू, डॉ लक्ष्मी ध्रुव, प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, सदस्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड मदन मोहन खंडेलवाल, आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, अखिलेश दुबे, राजू साहू, दीपक सोनकर, सूर्यप्रभा चेटियार, रजत जसूजा, नरेंद्र सोनवानी राजा, होरीलाल साहू, शास्त्री सोनवानी, नरेश जसूजा, विशु देवांगन, विजय प्रकाश जैन, अरविंद दोशी, तोगु गुरुपंच, वातांजलि गोस्वामी, गणेश्वरी कामड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तकनीकी प्रक्रिया, वित्तीय सुविधाओं विपणन रणनीतियों से अवगत हुए उद्यमी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



निटकॉन लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के सहयोग से जिला स्तरीय रैम्प संवेदनशीलता कार्यशाला का आयोजन रूद्री रोड धमतरी में किया गया। इस कार्यशाला में कुल 30 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमी, युवा व्यवसायी तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल रहीं।

कार्यशाला का उद्देश्य उद्यमियों को सरकारी योजनाओं, तकनीकी प्रक्रियाओं, वित्तीय सुविधाओं, विपणन रणनीतियों तथा आधुनिक उद्योग विकास से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ निटकॉन लिमिटेड के एकल संपर्क अधिकारी विकेश कुमार साहू ने किया। उन्होंने रैम्प योजना के उद्देश्यों एवं उद्यमियों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी।

विशिष्ट अतिथि उत्तम कुमार साहू निदेशक, उत्तम फर्नीटेक सॉल्यूशन्स ने स्थानीय स्तर पर उद्योग स्थापना और प्रबंधन पर अपने अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि खगेश कुमार सिन्हा निदेशक एवं जालस्थल निर्माता ने डिजिटल युग में व्यापार विस्तार और तकनीकी नवाचार की महत्ता पर जोर दिया।

तकनीकी सत्र में युवा उद्यमी आदिनारायण साहू ने स्थानीय बाजार में अवसरों व युवाओं के लिए स्वरोजगार संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया। रविंद्र नाग मुख्य प्रशिक्षक उद्यमिता विकास कार्यक्रम ने एमएसएमई पंजीकरण प्रक्रिया व उसके लाभों की चरणबद्ध जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के माध्यम से वित्तीय साक्षरता, उद्यम पंजीकरण की समझ और उद्यमिता के प्रति उत्साह में उल्लेखनीय वृद्धि देखने मिली।यह पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।




## हर शुक्रवार-शनिवार को खुल रही विज्ञान वाटिका, बढ़ रही विद्यार्थियों की रुचि





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विज्ञान के लोकव्यापीकरण और विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पं. रविशंकर जलाशय परियोजना परिसर गंगरेल में स्थापित विज्ञान वाटिका का शुभारंभ सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी ने 8 नवम्बर 2025 को किया। यह पहल जिले में विज्ञान शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने और विद्यार्थियों को प्राकृतिक परिवेश में सीखने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। विज्ञान वाटिका में विद्यार्थियों को विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराने के लक्ष्य से कई रोचक मॉड्यूल्स एवं सीखने योग्य गतिविधियों को शामिल किया गया है। योजना के अनुसार विज्ञान वाटिका प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से तथा शनिवार को प्रातः 9 बजे से विद्यार्थियों के लिए खोली जा रही है। निर्धारित दिनों में शालाओं के समूहों को सुव्यवस्थित तरीके से भ्रमण कराया जा रहा है, जिससे बच्चों में विज्ञान के प्रति उत्सुकता और समझ विकसित हो सके। अब तक जिले की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से कुल 537 छात्र-छात्राएं विज्ञान वाटिका का भ्रमण कर लाभान्वित हो चुके हैं। विद्यार्थियों ने यहां प्रदर्शित वैज्ञानिक मॉडलों, प्रयोगात्मक गतिविधियों तथा प्रकृति आधारित शिक्षण सामग्री में गहरी रुचि दिखाई है। शिक्षकों द्वारा भी इस पहल की सराहना की गई है, क्योंकि यह विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से परे अनुभवात्मक ज्ञान प्रदान कर रही है।

## पुरेना की धामनी बनीं सीडीपीओ



**धमतरी।** कुरुद विकासखंड के ग्राम पुरेना (अंवरी) की होनहार बेटी कुमारी धामनी कुर्रे ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) परीक्षा-2024 में 11वां स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे सतनामी समाज और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। वह महेन्द्र- श्रीमती टामेश्वरी कुर्रे की पुत्री हैं। उनके दादा किशुन कुर्रे अपनी पौत्री की इस उपलब्धि पर अत्यंत गौरवान्वित हैं। कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर धामनी ने बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) पद प्राप्त किया है। पुरेना में एक सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया।

इसी क्रम में ग्राम पुरेना के नीरज कुमार के नायब तहसीलदार पद पर चयनित होने पर भी ग्रामीणों में खुशी है। इस अवसर पर श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिला पंचायत धमतरी, श्रीमती उर्वशी बन्देकर, श्रीमती ललिता रमेश भतपहरी, रूमान कुर्रे, जूदेव कुर्रे, श्रीमती विजय साहू, मंशा चतुर्वेदी, रमेश मारकंडे, कैलाश कुर्रे, गौरव कुर्रे, रोशन कुर्रे समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।







## परिचय सम्मेलन में शामिल होने महापौर को किया आमंत्रित



**धमतरी।** महापौर रामू जगदीश रोहरा को प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने छत्तीसगढ़ धीवर समाज ने आमंत्रण दिया। प्रतिनिधि मंडल में परमेश्वर फूटान संरक्षक, छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा, होरीलाल मत्स्यपाल उपकोषाध्यक्ष, नर्मदा प्रसाद जगबेडहा अध्यक्ष धीवर समाज धमतरी परगना, सोहन फूटान सचिव धीवर समाज धमतरी परगना, कृष्णा हिरवानी प्रदेशाध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ, निर्मल फूटान, करण हिरवानी, नरेश हिरवानी शामिल रहे।







